हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 28 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 पिछले साल से 700 ज्यादा किसानों ने इस बार कराया...



07 यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के...



खबर संक्षेप

मादक पदार्थ की तस्करी मामले में टीम की दस्तक

नर्मदापुरम। मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामले में भोपाल की नार्कोटिक्स टीम नर्मदापुरम पहुंची। टीम ने बालागंज क्षेत्र में पहुंचकर मामले से जुड़े लोगों और संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई। इधर, पुलिस भी मामले में आरोपी परवेज की तलाश कर रही है। नार्कोटिक्स टीम और स्थानीय पुलिस की कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप की स्थिति है। फिलहाल टीम द्वारा की जा रही जांच और कार्रवाई को लेकर आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

मानागांव व कोटगांव में किया गया पौधरोपण

नर्मदापुरम। शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति, विकासखंड माखननगर द्वारा सेक्टर क्रमांक-04 के ग्राम मानागांव में नीम बाबा स्थल पर वटवृक्ष एवं पीपल के पौधों का पौधारोपण किया गया। इसी क्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन कोटगांव द्वारा नीम, बेल एवं आम के पौधे रोपे गए। विखं समन्वयक सुखवती वर्मा ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।


16 दिन तक चलने वाले इस अनूठे त्यौहार का हो रहा आयोजन

'संजा तू थारे घर जा' गीत से गूंज रहा मालवांचल, पुरानी परंपरा हो रही जीवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मालवांचल की विलुप्त होती परंपरा अब एक बार फिर लोगों के लिए आकर्षण बन रही है। लगातार 16 दिन तक चलने वाले आयोजन हो रहे हैं।

मालवांचल और बुंदेलखंड की मिलीजूली झलक हर त्यौहार में देखने को मिलती है। यह परम्परा यहां वर्षों से चली आ रही है। समय-समय पर आने वाले इन त्यौहारो में श्राद्ध पक्ष में सांझा और दशहरे से शरद पूर्णिमा तक टेसू एवं करवा जैसे छोटे छोटे त्योहार शामिल हैं। जिनमें अभी सांझा का त्यौहार शुरु हो गया है। जिसमें कुंवारी कन्याएं अपने घरों की दीवारों पर शाम के समय रोजाना अलग अलग आकृतियां गोबर से बनाकर मनभावन गीतों के साथ पूजन करके प्रसाद वितरण करती हैं। इन गीतों में सांझा तू थारे घर जा कि थारी बाई मारेगी कि पिटेगी, सांझा की गाड़ी लुढ़कती जाए जैसे मनभावन गीत मन मोह लेते हैं। कन्याएं इसी के साथ आपस में खेल खेलती रहती हैं। जिनमें अपने घरों से लाए प्रसाद के लिए एक दूसरे से पूछती हैं। इसके बाद पूजन करके प्रसाद वितरण किया जाता है। यह क्रम 16 दिनों तक चलता रहता है।



मालवांचल की लोक परंपरा है सांझा



मालवांचल की लोकसंस्कृति में 'सांझ' केवल दिन और रात के मिलन अर्थात संध्या यानी सांझा का समय नहीं, बल्कि लोकआस्था, पारिवारिक संस्कार और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का एक अनूठा प्रतीक है। ग्रामीण जीवन में संध्या के समय घर-आंगन की सफाई, दीप प्रज्वलन, तुलसी पूजन और लोकगीतों की परंपरा रही है। मालवा की लोकपरंपराओं में सांझ से जुड़ी एक विशेष परंपरा 'सांझा' या 'सांझी' के नाम से भी जानी जाती है। इसमें विशेषकर किशोरियां और बालिकाएं दीवार पर गोबर से आकृतियां बनाकर उन्हें फूलों, पत्तियों और रंगों से सजाती हैं। यह परंपरा वर्षा ऋतु के बाद शरद ऋतु में, विशेष रूप से पितृपक्ष के दौरान, देखने को मिलती है। मालवा में इस परंपरा को सांझा, संजा, संज्या या संझा जैसे नामों से जाना जाता है। यह पितृपक्ष के दौरान मनाई जाने वाली एक पारंपरिक लोककला और लोकपर्व है। इसमें विशेष रूप से अविवाहित बालिकाएँ और युवतियां भाग लेती हैं।

सांझा के समापन पर बनाती हैं किलाकोट

पितृपक्ष के अंतिम दिनों में सांझा की आकृतियों को विशेष रूप से सजाया जाता है। अंतिम दिन बनी आकृति को कई स्थानों पर कन्याएं 'किलाकोट' बनाती हैं। इसके बाद परंपरा के अनुसार आकृतियों का विसर्जन जलस्रोत में किया जाता है। अलग-अलग क्षेत्रों में इस विधि में भिन्नताएं मिलती हैं। सांझा मालवा की उस लोकसंस्कृति का प्रतीक है, जिसमें कला, गीत, आस्था और पारिवारिक जीवन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यह परंपरा हमें बताती है कि हमारी लोककलाएँ केवल मनोरंजन या पूजा का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक स्मृति और सांस्कृतिक पहचान की धरोहर हैं। मालवा की इस अनूठी परंपरा का दस्तावेजीकरण और नई पीढ़ी तक इसका परिचय पहुँचाना सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लुप्त होती लोक संस्कृतियों को इन त्यौहारो के माध्यम से जीवित रखने में मिलकर आपना सहयोग कर प्रोत्साहन दें।

पुलिस व आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध की कार्रवाई

40 लीटर कच्ची शराब जब्त की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में रविवार को आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस जवानों के साथ टीम ने बालागंज, मालाखेड़ी, गिन्नी कम्पाउंड, सेठ गुरु प्रसाद स्कूल के आसपास, बंगाली कॉलोनी सिकलीकर, बीटीआई, मदरवाड़ा, पिचिंग घाट और भीलपुरा सहित अन्य संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई में 40 बल्क लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा और डेढ़ क्विंटल महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री की कीमत 27 हजार रुपए बताई गई है। जिला आबकारी अधिकारी डॉ. राजीव द्विवेदी ने बताया कि नर्मदा नदी के किनारे से 5 किलोमीटर के दायरे में शराब बेचने पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद कुछ स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिलने पर विभाग की टीम ने कार्रवाई की। सागर में 36 लोगों की मौत के बाद आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ सख्ती बरते जाने की बात कही।

खास बातें

- 40 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा और डेढ़ क्विंटल महुआ लाहन जब्त किया
- जब्त सामग्री की कीमत 27 हजार रुपए आंकी गई है।

निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 120 लोगों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शनिवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र, नर्मदापुरम की टीम द्वारा विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन सहित 120 से अधिक लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई। दृष्टि संबंधी समस्या पाए जाने पर उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में नेत्र सहायकी पूजा करादे, जिला समन्वयक सौरभ डोंगरे एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता विमल सिंह राजपूत ने नेत्र परीक्षण किया। साथ ही आंखों की देखभाल, दृष्टि संबंधी समस्याओं, नेत्र रोगों से बचाव तथा नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व पर जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पी.सी. नरवरे ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए आंखों का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। नियमित जांच से समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार संभव है।

रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से मिला खोया हुआ युवक, परिजनों को सकुशल सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रेलवे सुरक्षा बल आउट पोस्ट की तत्परता और सोशल मीडिया की मदद से गलती से दूसरी ट्रेन में बैठकर नर्मदापुरम पहुंचे एक गुमशुदा युवक को उसके परिजनों को सकुशल सौंप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मुकेश कुमार (उम्र 26 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 19, सरस्वती कॉलोनी, संगरिया, हनुमानगढ़ (राजस्थान), गलती से गलत ट्रेन में बैठकर नर्मदापुरम स्टेशन पहुंच गए थे। परिजनों द्वारा उनकी गुमशुदगी की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 139 और सोशल मीडिया (फेसबुक) पर दर्ज कराई गई थी।

नर्मदापुरम स्टेशन पर चेकिंग के दौरान आरपीएफ के प्रधान आरक्षक अतुल दुबे और आरक्षक अमित कुमार अवस्थी को विकलांग कोच में एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। आउट पोस्ट लाने पर पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम और घर का पता बताया, लेकिन वह काफी घबराया हुआ था और उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह कहां आ गया है। इसके बाद आरपीएफ द्वारा परिजनों से संपर्क साधा गया। सूचना मिलने पर युवक के पिता विनोद कुमार आरपीएफ आउट पोस्ट पहुंचे। व गवाहों की उपस्थिति में युवक मुकेश कुमार को उनके पिता विनोद कुमार के सुपुर्द कर दिया गया।



कैट और व्यापारी महासंघ ने मनाया 'नो यूपीआई डे' क्यूआर कोड को काले कपड़े से ढककर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के आह्वान पर व्यापारी महासंघ के सहयोग से रविवार को जिले भर में 'नो यूपीआई डे' मनाकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। व्यापारियों ने यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के विरोध स्वरूप अपनी दुकानों पर लगे क्यूआर (क्यूआर) कोड को काले कपड़े से ढक दिया और डिजिटल भुगतान लेने से इनकार करते हुए केवल नकदी में लेन-देन किया। व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र चौकसे ने कहा कि देश को कैशलेस और 'डिजिटल इंडिया' बनाने में छोटे व्यापारियों का अहम योगदान रहा है। ऐसे में यूपीआई लेन-देन पर चार्ज थोपना व्यापारी व आम उपभोक्ता दोनों के साथ अन्याय है। शुल्क लगने से डिजिटल व्यवस्था प्रभावित होगी और लोग पुनः नकदी की ओर लौटेंगे। विरोध करने वालों में कैट के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार खंडेलवाल, चैंबर ऑफ कॉमर्स से देवेंद्र गिल्ला जिला अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, टाइल्स आदि शामिल रहे।



रविवार को शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने टीईटी के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा राजधानी भोपाल में नर्मदापुरम संभाग एवं भोपाल संभाग के सभी जिलो द्वारा टीईटी के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें नर्मदापुरम जिले से सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित हुए। राज्य शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष कुंअर सिंह वाडिवा ने मंच से सभी को अवगत कराया कि मध्यप्रदेश के इतिहास में सन 1995, 96 के दरम्यान शिक्षकों के जीवन में काले सूर्य का उदय हुआ है, बेचारे नव निरीह युवक समझ रहे थे कि हमारी सरकार हमारा हित कर रही है। उन्हें क्या पता था कि वह हमारे दुर्भाग्य की सीढ़ी बना रही है। हमारी प्रथम नियुक्ति 1998 में मिली 2001 में हमें नियमितीकरण का आदेश दिया गया और किया है। 2007 में हमें अध्यापक संवर्ग में शामिल किया गया। 2010 में हमें क्रमोन्नति दी गई 2012 से 2015 तक हमें पदोन्नति भी दी गई। उसके 2018 में हमें न्यू शिक्षक कैडर में हमारी नियुक्ति कर दी गई। जिससे हमारी 22 साल की सेवा को शून्य कर दिया। संयुक्त मोर्चा ने निर्णय लिया है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा राजधानी भोपाल में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। नर्मदापुरम से उमेश ठाकुर, के एस वाडिवा, परम सुख गढ़वाल, कमलेश टेकाम, गौरी शंकर राजपूत, राजेश नागवंशी, दिलीप साहू, सुनील उइके आदि शामिल रहे।



मोबाइल पर बात करने को लेकर पत्नी से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक पति ने पत्नी की इस बात से पिटाई कर दी कि वह मोबाइल से किससे बात करती है। मामले में महिला द्वारा रिपोर्ट कराने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई गणेश राय ने बताया कि मामले में फरियादिया सीता ठाकुर पति तोरान सिंह ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी अकोला हाल निवास वीर कॉलोनी शोभापुर है। जिसने पति तोरान सिंह पिता महाराज सिंह ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी अकोला हाल निवासी वीर कॉलोनी शोभापुर के खिलाफ दर्ज कराई है। रिपोर्ट अनुसार फरियादिया घरेलू काम करती है एवं कॉमर्स फाइनल तक पढ़ाई की है। 26 सितंबर को महिला अपनी नंद के घर बमारी टोला गई थी तथा कमरे में मोबाइल चला रही थी। रात करीब आठ बजे पति तोरान सिंह महिला की नंद के घर आया और बोला कि मोबाइल पर किससे बात करती है और गंदी गंदी गाली दी। महिला ने गाली देने से मना किया तो वहीं पास में पड़े लोहे के पाइप से पति ने मारपीट की। जिससे महिला को सिर, गाल, पीठ, हाथ में चोट आई। फिर पति बोला कि आइंदा घर आई तो जान से खत्म कर दूंगा। घायल फरियादिया को परिजनों के द्वारा सरकारी अस्पताल सोहागपुर में इलाज के लिए लाया गया।

बुजुर्ग महिला से की ठगी, बहला कर उतरवाए गहने, रुपयों का लालच देकर हुए फरार

बालागंज क्षेत्र में हुई घटना, पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम शहर के अमरचौक-बालागंज क्षेत्र में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला ठगी का शिकार हो गई। दो युवकों और एक युवती ने मिलकर महिला को बहला-फुसलाकर उनके सोने के झुमके और अंगूठी उतरवा लिए। इसके बाद तीनों डेढ़ लाख रुपए देने का झांसा देकर मौके से फरार हो गए।

पीड़िता पूर्णिमा के अवसर पर नर्मदा स्नान करने नर्मदापुरम आई थी। स्नान के बाद वह बस स्टैंड की ओर जा रही थी। इसी दौरान अमरचौक पर आरोपियों ने उन्हें बातचीत करने के बहाने रोक लिया। आरोपियों ने महिला से कहा कि एक युवक उनके सोने के बदले डेढ़ लाख रुपए देगा। विश्वास दिलाने के लिए आरोपियों ने महिला को डेढ़ लाख रुपए के नोटों की गड्डी भी दिखाई। महिला आरोपियों की बातों में आ गई। इसके बाद दोनों युवक और युवती उन्हें बालागंज क्षेत्र की एक गली में ले गए।

आरोपियों ने महिला से सोने की झुमकी और अंगूठी उतरवा ली। इसके बाद कुछ बहाना बनाते हुए कहा कि वे थोड़ी देर में वापस आएंगे और रुपए दे देंगे। महिला उनके लौटने का इंतजार करती रही, लेकिन तीनों वापस नहीं आए। कुछ देर बाद उन्हें समझ आया कि आरोपियों ने उनके साथ ठगी की है। ठगी का पता चलने के बाद महिला ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शनिवार रात को कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो युवकों और एक युवती के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है। पीड़िता शांताबाई पठारिया, निवासी जावली, माखननगर की रहने वाली हैं। वह पूर्णिमा पर नर्मदा स्नान के लिए नर्मदापुरम आई थी।

जन शिक्षण व संस्कृति समिति ने नुक्कड़ नाटक का किया मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जन शिक्षण एवं संस्कृति समिति, नर्मदापुरम के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर संचालित 'नमो सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत गांधी चौक पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। अभिषेक सैनी के कुशल निर्देशन में कलाकारों ने अपनी सशक्त अभिनय कला एवं जीवंत संवादों से जन-सेवा, सामाजिक दायित्वों एवं जन-कल्याणकारी संकल्पों का प्रभावकारी संदेश दिया। इस नाट्य प्रस्तुति में रिचा शर्मा, वैष्णवी वर्मा, राजीव मिश्रा, अस्मदात्यि तिवारी, अभिषेक अहिरवार, मुकेश पटेल, विवेक दुबे, पवन शर्मा एवं अंश राजपूत ने अपनी उत्कृष्ट सहभागिता निभाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

कायस्थ समाज की महिलाएं कर रही श्रमदान

गणेश विसर्जन के बाद चित्रगुप्त घाट पर मातृशक्ति ने संभाला मोर्चा, सेवा के संकल्प के साथ की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुषों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। गणेश विसर्जन के दूसरे दिन घाट पर बड़ी मात्रा में फूल-मालाएं, पूजन सामग्री एवं अन्य कचरा बिखरा हुआ था। समाज की मातृशक्ति एवं सदस्यों ने स्वयं घाट पर पहुंचकर सफाई की और नर्मदा तट से बड़ी मात्रा में फूल-मालाएं एवं अन्य सामग्री एकत्रित कर डस्टबिन में डाली।

गणेश विसर्जन के दौरान लोगों को लगातार यह समझाइश दी जाती है कि नर्मदा में ऐसी पूजन सामग्री एवं अन्य वस्तुएं विसर्जित न करें, जो नदी एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। इसके बावजूद विसर्जन के बाद घाट पर जगह-जगह फूल-मालाएं और अन्य सामग्री पड़ी मिली। इसे देखते हुए कायस्थ समाज की मातृशक्ति ने जिम्मेदारी निभाते हुए बोरियों में फूल-मालाएं एवं कचरा एकत्रित किया और उसे निर्धारित स्थान तक पहुंचाया।



इस अवसर पर नर्मदा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रोफेसर ईरा वर्मा ने स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था और जीवन का आधार है। नर्मदा तटों को स्वच्छ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। धार्मिक आयोजनों के बाद श्रद्धालुओं को भी यह संकल्प लेना चाहिए कि पूजन सामग्री को नर्मदा में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित स्थान पर ही रखें, ताकि आस्था के साथ पर्यावरण की भी रक्षा हो सके। अभियान में बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी विजय वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, समाजसेवी केशव वर्मा, ऋषिकेश श्रीवास्तव, सुमन वर्मा, मंजूला श्रीवास्तव, ममता तिवारी प्रीति खरे , रितु श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव जानकी, सुनीता श्रीवास्तव, आनीता वर्मा, जानकी अदिती वर्मा, सुनील राय राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, लालता आदि शामिल रहे।

सेवा संकल्प अभियानः जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला शिक्षा अधिकारी, नर्मदापुरम द्वारा 'सेवा संकल्प अभियानः मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (उमावि), नर्मदापुरम में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी विकासखंडों—सिवनी मालवा, नर्मदापुरम, केसला, बनखेड़ी, पिपरिया, सोहागपुर एवं माखननगर से चयनित कुल 63 प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा 'विकसित भारत 2047' विषय पर बनाई गई कलाकृतियों का जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने अवलोकन कर सराहना की। जिला शिक्षा अधिकारी एल. एन. प्रजापति ने बताया कि 19 सितंबर 2026 को जिले के 1044 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शाला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

खबर संक्षेप



संकुल स्तरीय शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

शाहपुर। जन शिक्षा केंद्र कुंडी के अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला मर्दानपुर में कक्षा 6 से 8 का शैक्षिक संवाद आयोजित किया गया। शैक्षणिक संवाद का कार्यक्रम शासन के निर्देशानुसार संकुल कुण्डी की प्रभारी प्राचार्य कौशल्या पाटणकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक संवाद कार्यक्रम में संकुल कुण्डी की जन शिक्षिका दीपना जगताप और एकीकृत माध्यमिक शाला मर्दानपुर के प्रभारी नानकराम वर्मा अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शैक्षणिक संवाद में सहकर्ता कमलेश डोंगरे एवं बरखा सिंगारे द्वारा नया सीखने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। कक्षा सातवीं की राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा बनाई गई। पुस्तकों पर विशेष रूप से चर्चा की गई, एवं शिक्षकों के द्वारा टीएलम बनवाए गए एवं उनका प्रस्तुतीकरण टीचरों के द्वारा किया गया। कोल्ड कॉलिंग के द्वारा पिछले संवाद पर भी चर्चा की गई।

पीला मोजेक को प्राकृतिक आपदा घोषित करें कलेक्टर

बैतूल। ग्रामीण क्षेत्रों में खरीफ सोयाबीन फसल पीला मोजेक बीमारी के कारण बड़ी संख्या में खराब हो रही है, जिससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान निराश है तथा सोयाबीन फसल में इस बीमारी के कारण भारी नुकसान होने की संभावना है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, यह बीमारी कईयों गांव के खेतों में सोयाबीन फसल को बर्बाद कर रही है। इस संबंध में एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की गाइडलाइन के अनुसार यदि किसानों की फसल किसी गंभीर बीमारी सूखा, अतिवर्षा या अन्य कारण से खराब होती है तो फसल बीमा योजनांतर्गत, ऐसे किसानों को बीमा कंपनी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण कर बीमा राशि दी जाती है, लेकिन इसमें मुख्य शर्त यह है कि कलेक्टर को पीला मोजेक या ऐसी अन्य बीमारी को जिला स्तर पर प्राकृतिक आपदा घोषित करना चाहिए, तभी किसानों का क्लेम बनता है, अन्यथा इस कानूनी आधार पर बीमा कंपनियां किसानों को फसल बीमा क्लेम राशि देने से बच जाती है। जिले के कई किसान संगठन व जागरूक किसान पीला मोजेक बीमारी के सर्वे की मांग कर रहे हैं, लेकिन ऐसी मांगकर्ताओं को पहले पीला मोजेक बीमारी को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग करना चाहिए, इसके बाद सर्वे किया जाना चाहिए, ताकि फसल बीमा कंपनियां किसानों को बीमा क्लेम राशि देने के लिए मजबूर हो सके।

मेरा स्वास्थ्य, मेरा गौरव के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



बैतूल। मेरा युवा भारत, बैतूल द्वारा 100 संडे अभियान नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत के अंतर्गत मेरा स्वास्थ्य, मेरा गौरव विषय पर 27 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आठनेर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुषमा जगताप, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह, ब्रह्माकुमारी अर्चना दीदी उपस्थिति रही। जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत बैतूल श्रीमती सुषमा गवाली ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, निवारक स्वास्थ्य देखभाल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना तथा उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। शिविर में युवाओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को पोषण, स्वस्थ जीवनशैली तथा नशे के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया।

1,89,616 हेक्टेयर क्षेत्र में बोई फसल इंश्योर्ड

पिछले साल से 700 ज्यादा किसानों ने इस बार कराया फसल बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

जिले में खेती का दायरा बढ़ा है और करीब ढाई लाख से अधिक कृषक परिवार कृषि पर निर्भर है। इन किसानों द्वारा भारी परिश्रम कर फसलों को तैयार किया जाता है। ऐसे में फसल के प्राकृतिक आपदा-विपदा से बर्बाद होने पर आर्थिक रूप से भरपाई के लिए फसल बीमा जरूरी है और जिले के किसान इस बात को समझ भी रहे हैं। यही कारण है कि इस बार खरीफ सीजन के लिए फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या एक लाख के पार पहुंच गई है। इस साल जिले में खरीफ सीजन में करीब 107004 किसानों ने फसल बीमा कराया है। किसानों ने महज 15 करोड़ से कुछ ज्यादा का प्रीमियम अदा कर अपनी 7.51 अरब रुपये से अधिक की फसल सुरक्षित कर ली है। दरअसल फसल बीमा कराने से किसानों को प्राकृतिक आपदा-विपदा से बर्बाद होने पर आर्थिक क्षति की संभावना कम रहती है। फसल खराब होने पर कर्ज चुकाने की चिंता कम हो जाती है। आसानी से कृषि ऋण मिलने में मदद मिलती है और किसानों को मानसिक तनाव से मुक्ति और आत्मबल मिलता है। इसके साथ ही फसल बीमा कराने के बाद किसान फसल के किसी आपदा-विपदा या बीमारी से बर्बाद होने से होने वाले नुकसान की भरपाई को लेकर निश्चिंत हो जाते हैं।

पिछले साल से अधिक किसानों ने कराया बीमा

जिले में फसल बीमा कराने वाले किसानों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। पिछले साल की अपेक्षा इस साल ज्यादा किसानों ने फसल बीमा कराया है। कृषि विभाग ने खरीफ सीजन के लिए 15 अगस्त तक फसल बीमा कराने के लिए अभियान चलाया। इसके अच्छे नतीजे भी देखने को मिले। इस साल जिले के 1 लाख, 07 हजार, 004 किसानों ने फसल बीमा कराया है। यह संख्या बीते साल से करीब 700 ज्यादा है, क्योंकि फसल बीमा कराने के बाद किसान फसल के किसी आपदा-विपदा या बीमारी से बर्बाद होने से होने वाले नुकसान की भरपाई को लेकर निश्चिंत हो जाते हैं। हालांकि जिले में जितने किसान है, उसकी अपेक्षा आधे ही किसानों ने फसल बीमा कराया है।



अऋणी किसानों की संख्या भी बढ़ी

बीमा कराने वाले किसानों में ऋणी किसानों के 3 लाख, 62 हजार, 555 और अऋणी किसानों के 18844 आवेदन आए हैं। इससे जाहिर है कि किसान बीमा को लेकर खासे जागरूक हुए हैं। किसानों की संख्या के मुकाबले आवेदन इसलिए अधिक होते हैं, क्योंकि यदि एक किसान के नाम से 5 खसरों में जमीन है तो उसके 5 आवेदन माने जाते हैं। इससे साफ है कि योजना का मौजूदा कवरेज मुख्य रूप से उन किसानों पर निर्भर है, जिनका फसल ऋण से जुड़ाव है। दूसरी ओर गैर ऋणधारी किसानों की भागीदारी बेहद बेहद कम है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि किसानों को फसल बीमा कराने के लिए जागरूक किया गया। इसी का परिणाम है कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष अधिक किसानों ने फसल बीमा का लाभ उठाया है।

1,89,616 हेक्टेयर क्षेत्र में बोई फसल इंश्योर्ड

इन किसानों की कुल 1 लाख, 89 हजार, 616 हेक्टेयर जमीन में बोई फसल इंश्योर्ड हुई है। कुल 7 अरब, 51 करोड़, 68 लाख, 11 हजार, 477 रुपये की फसल बीमित हुई है, जबकि इसके लिए किसानों ने प्रीमियम के रूप में मात्र 15 करोड़, 3 लाख, 35 हजार, 361 रुपये ही अदा किए हैं। प्रीमियम की शेष राशि के लिए प्रदेश सरकार 30 करोड़, 24 लाख 74 हजार, 984 रुपये और इतनी ही राशि केंद्र सरकार द्वारा अदा की जाएगी। बता दे कि फसल बीमा करवा लेने पर किसानों को आपदा-विपदा या किसी बीमारी से फसल की बर्बादी की चिंता नहीं रहती। ऐसी कोई भी स्थिति बनने पर बीमा कंपनी द्वारा नुकसान की भरपाई की जाती है। इसी के चलते बड़ी तादाद में किसानों ने फसल बीमा कराया है। खरीफ सीजन के लिए बीमा कराने के लिए अंतिम तिथि पहले 31 जुलाई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 16 अगस्त कर दी गई थी।

जिले में फसल बीमा कराने वाले किसान और प्रीमियम राशि

तहसील	किसान	प्रीमियम
आमला	12513	1,20,46,509
आठनेर	11827	1,96,69,130
बैतूल	13884	2,06,08,942
बैतूल नगर	95	1,33,801
भैंसदेही	12527	2,11,84,852
भीमपुर	6727	1,00,97,659
चिचोली	5253	80,12,291
घोड़ाडोंगरी	7753	95,24,857
मुलताई	17273	2,26,47,137
प्रभातपट्टन	14555	2,00,82,820
शाहपुर	4598	63,27,362
कुल	107004	15,03,35,361

सबसे ज्यादा मुलताई ब्लॉक के किसानों ने कराया बीमा

वैसे तो जिले के सभी ब्लाकों के किसानों ने फसल बीमा कराया है, लेकिन इनमें सबसे अधिक मुलताई ब्लाक के किसान है, जिन्होंने फसल बीमा कराया है। मुलताई ब्लाक के 17,273 किसानों और इसके बाद प्रभातपट्टन के 14555 किसानों ने फसल बीमा कराया है। सबसे कम फसल बीमा बैतूल शहर के किसान ने कराया है। बैतूल शहर के 95 किसानों ने ही फसल बीमा का लाभ लिया है। इसके अलावा आमला में 12513 किसान, आठनेर 11827 किसान, बैतूल 13884 किसान, भैंसदेही 12526, भीमपुर 6727 किसान, चिचोली 5253 किसान, घोड़ाडोंगरी 7753 किसान और शाहपुर के 4598 किसानों ने फसल बीमा कराया है। कुल मिलाकर जिले में खरीफ सीजन के लिए 1 लाख 7 हजार 4 किसानों ने फसल बीमा कराकर फसल बीमा योजना का लाभ लिया है।

सोयाबीन में पीला मोजेक रोग लगने की स्थिति, आज देखेगा संयुक्त दल

बैतूल। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सोयाबीन फसल में पीला मोजेक रोग से फसल प्रभावित होने की सूचनाओं के मद्देनजर फसल की वास्तविक स्थिति का मैदानी स्तर पर परीक्षण एवं प्राथमिक आकलन किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर वंदना जाट ने संयुक्त निरीक्षण दल का गठन किया है। इस दल में कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं ग्राम सचिव को शामिल किया गया है। यह दल द्वारा 28 सितंबर से प्रभावित क्षेत्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सोयाबीन फसल में पीला मोजेक रोग की वास्तविक स्थिति, प्रभावित क्षेत्रफल तथा फसल की स्थिति का ग्रामवार आंकलन किया जाएगा। दल द्वारा प्रभावित ग्रामों का मौके पर निरीक्षण कर सोयाबीन फसल में पीला मोजेक रोग की वास्तविक स्थिति का परीक्षण किया जाएगा। साथ ही प्रभावित फसल एवं प्रभावित क्षेत्रफल का ग्रामवार आंकलन करना, किसानों से प्राप्त शिकायतों/सूचनाओं का स्थल पर सत्यापन करना, फसल की स्थिति एवं संभावित क्षति का प्रारंभिक आंकलन कर आवश्यक अभिलेख/पंचनामा तैयार करना, निरीक्षण के दौरान प्राप्त तथ्यों एवं आंकड़ों की संयुक्त रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करना, रोग की रोकथाम एवं किसानों को आवश्यक तकनीकी सलाह उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

धूमधाम से मनाया गया दाजी का 71वां जन्मदिन

डॉटर्स-डे पर बालिकाओं ने काटा मिलेट्स से बना केक





हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

गंज स्थित हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र पर परमपूज्य दाजीजी का 71वां जन्मदिन केंद्र के प्रशिक्षक, अभ्यासीगणों एवं बैतूल के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बडे ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पार्वतीबाई बारस्कर, नपाध्यक्ष बैतूल, राजीव खंडेलवाल वरिष्ठ समाजसेवी एवं कर सलाहकार, श्रीमती कुमुद थपलियाल न्यायाधीश जिला न्यायालय, कैप्टन (आईएन) सुमीत सिंह (से.नि.) जिला अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल एवं सुनील द्विवेदी समाजसेवी एवं कथावाचक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तत्पश्चात डॉ आनंद मालवीय ने ध्यान का हमारे दैनिक जीवन में क्या महत्व है, वह स्वयं कितने समय से ध्यान कर रहे हैं और लोगों को दवा के साथ ध्यान करने की सलाह क्यों देते हैं? इस संबंध में सभी को बताया। उन्होंने बताया कि वह भी लगभग 10 वर्षों से हार्टफुलनेस ध्यान पद्धति से ध्यान कर रहे हैं, जिससे उनके जीवन में क्या परिवर्तन आए, इससे अवगत कराया। मंच संचालनकर्ताओं में तूलिका पचौरी, तरुणा द्विवेद्वी, निमिषा शुक्ला एवं दीपिका भावसार ने सभी को कान्हा शांति वनम, हार्टफुलनेस संस्थान एवं दाजी का जीवन परिचय उपस्थित लोगों के समक्ष साझा किया। इसके पश्चात प्रशिक्षक विनोद जेठवा ने सभी को सामूहिक ध्यान कराया।

समाजसेवी एवं लेखक राजीव खंडेलवाल, कथावाचक व समाजसेवी सुनील द्विवेदी एवं योग प्रशिक्षक सुनील कुबड़े ने भी ध्यान का महत्व और अपने योग एवं ध्यान के अनुभव लोगों से साझा किये। ध्यान कार्यक्रम के पश्चात कुछ नन्ही बालिकाओं ने श्रीनैवेद्यम क्लाउड किचन की संचालिका प्रमिला धोत्रे द्वारा श्रीअन्न से तैयार केक को काटकर डॉटर्स डे के साथ दाजी का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर ध्यान केंद्र बैतूल से अभ्यासी राजेंद्र सिंह परिहार, कमलनयन अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, गिरीशभाई शाह, राजेश अग्रवाल, आशीष पचौरी, वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम सिंहा, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार संजय द्विवेदी सहित विभिन्न समाजसेवी में मंजू अग्रवाल, प्रेरणा शर्मा, डॉ सुजाता सिंग, जयश्री देशमुख, रिमझिम थपलियाल,जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक संतोष राजपूत, आशीष कोकने, सुनील पवार, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि में मां शारदा सहायता समिति, नित्या सेवा समिति, रघुकुल अकैडमी, अथर्व वेलफेयर सोसाइटी, प्रत्याशा आनंद क्लब, ताप्ती दर्शन उपभोक्ता फोरम , त्रिवेणी फाउंडेशन आदि संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया।

राष्ट्रीय हिंदू सेना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस, जांच-पड़ताल शुरू

मिशन स्कूल में धर्म परिवर्तन की सूचना से हड़कंप, दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

सदर के ढीमर मोहल्ला स्थित मिशन प्राथमिक शाला में धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास की शिकायत से रविवार को हडक़ंप मच गया। राष्ट्रीय हिंदू सेना से मिली सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मामले में कृष्ण कुमार शेषकर निवासी नायक चारसी, पोस्ट कोलगांव और रायाकिलीग इमैगवे को गिरफ्तार किया है। दोनों के ईसाई समुदाय से जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम जीन (दनोरा) निवासी 18 वर्षीय सत्यम विश्वकर्मा ने थाने में लिखित शिकायत दी है। शिकायत के मुताबिक उसके दाहिने पैर में कई दिनों से दर्द था। इलाज की जानकारी मिलने पर वह सदर पहुंचा, जहां उसकी मुलाकात कृष्ण कुमार शेषकर से हुई। आरोप है कि शेषकर ने उसे मिशन प्राथमिक शाला बुलाया। रविवार सुबह करीब 11.30 बजे स्कूल पहुंचने पर उसे एक कमरे में ले जाया गया, जहां पहले से कई लोग मौजूद थे। शिकायतकर्ता



का आरोप है कि कमरे में उससे कहा गया कि पैर का दर्द ठीक हो जाएगा, लेकिन इसके लिए उसे हिंदू धर्म छोडक़र ईसाई धर्म अपनाना होगा। साथ ही नौकरी देने और अन्य लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए जोडऩे पर पैसे देने का प्रलोभन भी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3 और 5 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले में पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और घटनाक्रम से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

हनुमान चालीसा का किया पाठ

मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिशन स्कूल परिसर में पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने मौके पर हनुमान चालीसा का पाठ कर कथित धर्म परिवर्तन की गतिविधि का विरोध जताया। राष्ट्रीय हिंदू सेना, हिंदू जागरण मंच और कोरकू समाज संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता कोतवाली थाने पहुंचे। संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की विवेचना में जुटी है। कोतवाली थाने में राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय, प्रदेश संयोजक पवन मालवीय, हिंदू जागरण मंच के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र साहू, जिला सह संयोजक बंडू लिखितकर, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्याम साहू, राजू तुमराम, विदित मालवी, नवीन योगी आदि रहे मौजूद।

बैतूल रोड पर रिलायंस ट्रेंड्स के पास हुआ हादसा

मुलताई में तेज रफ्तार कार ट्रांसफार्मर से टकराकर घर में घुसी, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭मुलताई।

बैतूल रोड पर रिलायंस ट्रेंड्स के पास शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर बिजली के ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पलटते हुए सडक़ किनारे स्थित एक मकान में जा घुसी। हादसे में कार सवार कई लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार शनिवार रात कार तेज गति से बैतूल रोड की ओर जा रही थी। रिलायंस ट्रेंड्स के पास अचानक कार अनियंत्रित हो गई और सडक़ किनारे लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर के बाद कार पलटते हुए समीप स्थित एक मकान



में जा घुसी। हादसे के कारण मकान में भी नुकसान होने की जानकारी है। दुर्घटना के दौरान बिजली के तार भी टूट गए, जिसके चलते मौके पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और घायलों को कार से बाहर निकालने में मदद की। हादसे में घायल कार सवारों को तत्काल मुलताई के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। फिलहाल घायलों की संख्या और उनकी हालत को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। दुर्घटना के बाद बैतूल रोड पर कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई और कार की रफ्तार कितनी थी, इसकी जांच की जा रही है।

पोहर की सड़क के लिए उठी आवाज, 3 महीने के लिए आंदोलन स्थगित

आंदोलन में जुटे ग्रामीण और क्रिएटर्स, विधायक के आश्वासन के बाद लिया स्थगन का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ⏭मुलताई।

ग्राम पोहर की जर्जर सडक़ के निर्माण की मांग को लेकर पिछले एक माह से अधिक समय से सोशल मीडिया पर चल रही मुहिम रविवार को आंदोलन में बदल गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों और सोशल मीडिया क्रिएटर्स की मौजूदगी में आंदोलन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इस दौरान मंच से ग्रामीणों और क्रिएटर्स ने सडक़ की बदहाल स्थिति और क्षेत्रवासियों को हो रही परेशानियों को लेकर अपनी बात रखी। आंदोलन में ह्यओये इंदौरीह्व पेज के क्रिएटर रोबिन जिंदल, नीलेश सरले, नितिन नरवरे, अमन उइके, करण चढ़ोकर, समर हारले सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय सोशल मीडिया क्रिएटर्स और ग्रामीण शामिल हुए। आंदोलन के दौरान पोहर सडक़ के निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया गया।

विधायक के वीडियो के बाद तीन माह के लिए आंदोलन स्थगित

आंदोलन शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद इसे आगामी तीन माह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा शनिवार रात सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में सडक़ निर्माण की योजना और आगामी तीन माह में काम शुरू होने का आश्वासन दिया गया था। इसी आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने फिलहाल तीन माह तक इंतजार करने का निर्णय लिया है। अब आंदोलन से जुड़े क्रिएटर्स और ग्रामीणों की नजर सडक़ निर्माण कार्य शुरू होने पर रहेगी।

गणेश लान में हुआ कार्यक्रम संपन्न

पदभार ग्रहण समारोह संपन्न, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली समाज सेवा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭आमला।

उपनगर बोडखी स्थित गणेश लॉन में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुर्मी भोयर समाज युवा संगठन के तत्वावधान में एक भव्य पदभार ग्रहण एवं सम्मान समारोह का गरिमामयी आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में युवा संगठन की जिला समिति, ब्लॉक समिति, नगर समिति और ग्रामीण समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों और प्रांतीय अध्यक्ष की उपस्थिति में मां सरस्वती और समाज के आराध्य देव के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद समाज के वरिष्ठ जनों और युवा पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा के साथ समाज हित में



कार्य करने और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की सामूहिक शपथ ली। समाज सृजन के अंतर्गत युवा संगठन की जिला, ब्लॉक और ग्रामीण समितियों के पदाधिकारियों को आधिकारिक रूप से पदभार सौंप दिया गया है। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष भारत चौहान द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई।संगठन के विस्तार के तहत युवा जिला अध्यक्ष संजय पवार, युवा सचिव योगेंद्र पवार, युवा जिला कोषाध्यक्ष अभिजीत सोनपुर और युवा जिला मीडिया प्रभारी के रूप में राहुल चौहान को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, युवा ब्लॉक कार्यकारिणी में युवा ब्लॉक अध्यक्ष तारेन्द्र रहडवे, युवा ब्लॉक सचिव प्रदीप पटवारी और युवा ब्लॉक कोषाध्यक्ष के पद पर कृष्णा चौहान को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अंधारिया, आवरिया, परसोंडी, सासबड़, खापा, खतेड़ा, देवठान, नांदपुर, तोरणवाड, अंबाड़ा, कनौजिया, बोडख़ी, बल्लाचला और बैतूल बाजार में नवगठित युवा संगठन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव तथा मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी पदभार ग्रहण कर समाज हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

मेधावी छात्रों व वीर जवानों का सम्मानित

सूर्यवंशी क्षत्रिय भोयर कुर्मी समाज युवा संगठन द्वारा गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इसमें विशेष रूप से गत वर्ष 10वीं की प्रदेश प्रावीण्य सूची में आठवां और जिले में दूसरा स्थान पाने वाले होनहार छात्र उदित पवार सहित समाज के करीब 20 विद्यार्थियों का सम्मान हुआ।

खबर संक्षेप

खेत से बिजली मोटर की चोरी की हुई शिकायत

सोहागपुर। सोहागपुर ब्लॉक के ग्राम गूजरखापा में किसान के खेत से बिजली की केबल व अन्य सामग्री गायब होने का पत्र सोहागपुर थाने में दिया गया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की है। आवेदक अंशुल मेहरा वल्द शिवकुमार मेहरा निवासी ग्राम गूजरखापा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उसके खेत में सिंचाई हेतु विद्युत मोटर लगी हुई है। जिसमें केबिल व स्टार्टर लगा था। 28 सितंबर 2026 को सुबह आवेदक के पिता जब खेत पर गए तो उन्होंने देखा कि खेत में लगी विद्युत मोटर की केबिल एवं स्टार्टर नहीं है। उन्होंने आसपास खोज की, लेकिन सामग्री नहीं मिली। इससे प्रतीत होता है कि कोई सामग्री चुराकर ले गया है। आवेदक के अनुसार केबिल की कीमत 2500 रूपये व स्टार्टर की कीमत लगभग 2000 रूपये है। आवेदक का कहना है कि तीन माह पूर्व भी उसके खेत से केबिल गुम हुई थी। आवेदक ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

कन्या शिक्षा परिसर की छात्रा अंजली कवरे ने मारी बाजी

सीहोर। विकसित भारत योजना के अंतर्गत आयोजित सेवा संकल्प अभियान की जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर (सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित) की कक्षा 8वीं की छात्रा अंजली कवरे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

बैठक में शामिल हुए आदिवासी समुदाय के सैकड़ों नागरिक

जल, जंगल और जमीन को लेकर देनवा में की गई बैठक

सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में देनवा क्षेत्र के ग्राम ढाबा में क्षेत्रीय जन समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नशामुक्ति पर हुई विशेष चर्चा

इस महत्वपूर्ण बैठक में आदिवासी क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान को लेकर भी चर्चा की गई। श्यामवती, रामकली, ढुलारी बाई, सुहानी बाई , विश्राम ने नशामुक्ति पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग दो महीनों से आदिवासी क्षेत्र में महिलाओं द्वारा नशा मुक्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं द्वारा समूह बनाकर अवैध शराब बनाने तथा बेचने के ठिकानों पर पहुंचकर विरोध किया जा रहा है। यहां तक की महिलाओं ने कई बार प्रशासन को भी कार्रवाई के लिए विवश किया है। नशा मुक्ति के लिए पूरे आदिवासी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाने की बात भी कही गई।

सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में देनवा क्षेत्र के ग्राम ढाबा गांव में जल, जंगल और जमीन के अधिकार तथा क्षेत्रीय जन समस्याओं को लेकर गति दिवस आदिवासी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक की गई है। बैठक में किसान आदिवासी संगठन व समाजवादी जन परिषद के कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे। समाजवादी जन परिषद ब्लाक अध्यक्ष मोतीराम तेकाम के नेतृत्व में की गई बैठक में क्षेत्र के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में बाई भैया शामिल हुए। इस बैठक में बारेलाल ने आदिवासी समाज के हितों से संबंधित विविध बिंदुओं पर चर्चा की। इन विषयों में वन कानून, वन अधिकार पट्टे, वनग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करना, गांवों में सरकार का ग़लत प्रोजेक्ट, नशामुक्ति आदि शामिल थे, जिन पर गहन चर्चा हुई। सजप अध्यक्ष जयसिंह ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर लड़ने की जरूरत है।

राजेन्द्र उइके व सुनील बट्टी ने बताया कि सामुदायिक निस्तारण क्षेत्र के पट्टे होने के बावजूद जंगल विभाग निस्तारी पर रोक लगाते हैं। संगठन के प्रदेश सचिव शिवलाल ने कहा क्षेत्र में कोई भी सरकारी योजना अथवा प्रोजेक्ट हमारे हित में नहीं है। इन प्रोजेक्ट व योजनाओं को कानूनी ढंग से तथा ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर निरस्त कराने के लिए कारवाई करना होगा। महामंत्री सजप फागराम ने कहा कि समस्या बहुत जटिल है। हमें एक दूसरे के बारी आने का इंतजार ना करते हुए अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। उन्होंने सामाजिक तथा राजनीतिक रूप मजबूत होने व एकजुट होकर लड़ने की बात पर जोर दिया। बैठक को राजकुमार रघुवंशी ने भी संबोधित किया।

यातायात के नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई, किए चालान

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चलेगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर क्षेत्र में यातायात नियमों का पालन ना करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को भी कार्रवाई की गई।

सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि कार्रवाई में 30 प्रकरणों में 9000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। टीआई के अनुसार पुलिस का यही उद्देश्य है कि कोई भी मृत्यु रोड एक्सीडेंट लापरवाही के कारण ना हो। इसके लिए 10 दिवसीय विशेष प्रवर्तन एवं जन जागरूकता अभियान वरिष्ठ अधिकारियों एवं पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देश में 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक का चलेगा। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के ऑन रोड सेफ्टी नियम व निर्देश का पालन कराया जाएगा।

जुडेगें जनप्रतिनिधी एवं स्वयं सेवी संस्थाए

अभियान में शैक्षणिक संस्थानों, जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को भी जोड़ा जाएगा। अभियान दौरान जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाएंगे।

विधायक कार्यालय में मनाई गई पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शुक्रवार को विधायक कार्यालय में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित श्री उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

विधायक सुदेश राय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित जी प्रखर राष्ट्रवादी और संगठनकर्ता थे उन्होंने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ जनसंघ की स्थापना की थी आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में भाजपा देश प्रदेश की सेवा कर रही है विधायक श्री राय ने कहा कि वह हमारे पद प्रदर्शक हैं उनके बताए हुए मार्ग पर ही हम सभी कार्यकर्ता निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुनील राय, कन्हैयालाल मालवीय, सुशील ताम्रकार, वरुण शर्मा, निर्मल पवार, नैतिक राय, सतीश बनवाइया, प्रदीप मेवाड़ा, जलज छोकर, जितेंद्र वर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक शामिल रहे।

विसर्जन में हो रहा पीली मिट्टी का उपयोग, प्रशासन खामोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

प्रतिबंध के बाद भी क्षेत्र में प्रतिमा विसर्जन चल समारोहों में पीली मिट्टी का उपयोग जारी है। शासकीय कार्यालयों के सामने चल समारोहों में क्विंटलों पीली मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होती है। लेकिन प्रशासन इसके बाद भी खामोश है।

मामले में कांग्रेस नेता चौधरी राकेश सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, नीरज चौधरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता नवनीत चौधरी आदि ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि प्रशासन मौन क्यों है। उन्होंने युवाओं की इस बावत जागरूकता पर जोर दिया।

शहर में मोबाइल पर बात करने को लेकर पत्नी से की मारपीट, पुलिस की विवेचना जारी

सोहागपुर। सोहागपुर थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की इस बात से पिटाई कर दी कि वह मोबाइल से किससे बात करती है। मामले में महिला के द्वारा रिपोर्ट कराने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई गणेश राय ने बताया कि मामले में फरियादिया सीता ठाकुर पति तोरान सिंह ठाकुर उम्र 23 वर्ष निवासी अकोला हाल निवास वीर कॉलोनी शोभापुर है। जिसने इस आशय की प्राथमिकी अपने पति तोरान सिंह पिता महाराज सिंह ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी अकोला हाल निवासी वीर कॉलोनी शोभापुर के खिलाफ दर्ज कराई है।

महिला चला रही थी मोबाइल

रिपोर्ट अनुसार फरियादिया घरेलू काम करती है एवं कॉमर्स फाइनल तक पढ़ाई की है। 26 सितंबर 2026 को महिला अपनी नंद के घर बमारी टोला गई थी तथा कमरे में मोबाइल चला रही थी। रात करीब आठ बजे पति तोरान सिंह महिला की नंद के घर आया और बोला कि मोबाइल पर किससे बात करती है और गंदी गंदी गाली दी। महिला ने गाली देने से मना किया तो वहीं पास में पड़े लोहे के पाइप से पति ने मारपीट की। जिससे महिला को सिर, गाल, पीठ, हाथ में चोट आई। फिर पति बोला कि आइंदा घर आई तो जान से खत्म कर दूंगा।

पति के विरुद्ध प्रकरण दर्ज, विवेचना जारी

घायल फरियादिया को परिजनों के द्वारा सरकारी अस्पताल सोहागपुर में इलाज के लिए लाया गया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति के खिलाफ मारपीट एवं अन्य धाराओं का प्रकरण दर्ज पर मामले को विवेचना में लिया है।

पिपरिया में शराब ठेकेदार के गुर्गों की गुंडागर्दी, एसपी ने टीआई को किया लाइन अटैच, प्रधान आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जिले में शराब ठेकेदार के द्वारा अलग अलग तरीके से तथा अलग-अलग कीमत पर शराब बेचने का मामला सामने आया है। सुत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार अभी वर्तमान में पिपरिया विधानसभा क्षेत्र की जो शराब ठेकेदार के द्वारा वर्ष 2026 27के लिए जो दुकान नीलामी में ली गई है। वह वर्तमान में सबसे ज्यादा कीमत पर शराब बेचने की चर्चा चौराहे पर है। लेकिन अभी वर्तमान में सामने आया कि आसपास लगभग 11ग्रामो में लगातार शराब बेचने का मामला सामने आया है। जिसमे बताया गया है कि कच्ची देसी शराब बहुत ही कम दाम पर मिल रही है। समनापुर पंचायत क्षेत्र झिरिया गांव में तो मुख्य मार्ग पर ही काम चल रहा है। नर्मदा नदी किनारे सैंकड़ों लोग शामिल हुए हैं। शराब बैंचने में लगातार वृद्धि हो रही है। लेकिन अभी वर्तमान में सामने आया कि पिपरिया से मात्र 10कालोमीटर से लेकर सभी गांवों में लगातार शराब बेचने का काम सरेआम दिखाई दे रहा है। लेकिन अभी तक आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसमें लोगों को आबकारी विभाग की जानकारी नहीं है। कौन अधिकारी हैं, कोई पता नहीं है। पुलिस प्रसाशन के द्वारा ही कभी कभी छुट पुट कार्यवाही की जाती है। लेकिन अभी वर्तमान एक और मामला सामने आया है।की ग्राम पंचायत बीजनवाडा के रामनगर कालोनी निवासी ब्रजेश कहार ने स्टेशन रोड थाने में एफआईआर दर्ज शराब ठेकेदार के पालतू लोगों के द्वारा जबरदस्त तरीके से अगवा किया गया। तथा फोर व्हीलर वाहन में ले जाकर मारपीट करने का वीडियो लीक हुआ है। लेकिन उसी ब्रजेश कहार के खिलाफ पुलिस ने 23/9/26/को 7बोतल शराब ले जाने पर आबकारी एक्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जबकि चर्चा है पुलिस ने शराब ठेकेदार के कहने पर मामला दर्ज किया है। जबकि ब्रजेश कहार ने पुलिस अधीक्षक को व्यान में कहा है कि वह दिनांक 23/9/26को शाम बजे शोभापुर से अंग्रेजी शराब पीने के लिए लेकर लौट रहा था।तो ठेकेदार के लोगो ने जबरन गाड़ी में बिठाकर शराब बैंचने का आरोपी बनाया गया गाड़ी में मारपीट करने बीडियो वायरल के बाद थाने में बुलाया गया आरोपी की पहचान कराई गई थी।याद रहे लगभग 2 माह पहले भी ऐसा ही मामला ठेकेदार के लोगो के द्वारा एक अन्य युवक पर किया गया था। इस मामले पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच करने पर स्टेशन रोड़ थाना प्रभारी मदन पवार, प्रधान आरक्षक रविस वोहरे को दोषी ठहराया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक के द्वारा मदन पवार थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया गया, तथा प्रधान आरक्षक रविस वोहरे को निलंबित कर दिया गया है।

मामले में जांच चल रही है, शराब ठेकेदार के 5 लोगो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ब्रजेश कहार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

सेमरी हरचंद में शराबी युवकों ने मचाया उपद्रव गाड़ी में की तोड़फोड़, न्यायालय ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम के सेमरी हरचंद में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात नशे में धुत चार युवकों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। युवकों की यह हरकत मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार सुबह मामला सामने आने के बाद पुलिस ने चारों युवकों को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया। चारों को सोहागपुर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए गए।

पुलिस के मुताबिक सेमरी हरचंद निवासी भवानी प्रसाद साहू की गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। रात में ग्राम जमुनिया निवासी हीरा पटेल (19), अनिल उर्फ अन्ना केवट (18), कृष्णा उर्फ हल्के कुशवाह (21) और खेमचंद अहिरवार (18) वहां पहुंचे। चारों ने गाड़ी के कांच में तोड़फोड़ कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर भवानी प्रसाद साहू ने पुलिस को सूचना दी। सेमरी हरचंद पुलिस चौकी प्रभारी विवेक यादव मौके पर पहुंचे और मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चारों युवकों की पहचान की।

नशे में धुत थे चारों युवक

सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि चारों युवक नशे की हालत में थे। उनके खिलाफ उपद्रव और तोड़फोड़ सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया। आरोपियों को सोहागपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आदेश के बाद उन्हें पिपरिया जेल भेज दिया गया।

धूपगढ़ के सुलभ शौचालय की गंदगी देख पर्यटक खुले में जाने को मजबूर





पचमढ़ी। सतपुड़ा की रानी कही जाने वाली पचमढ़ी के सबसे लोकप्रिय सनसेट प्वाइंट धूपगढ़ में सुलभ शौचालय इतना गंदा है कि पर्यटक अंदर जाना तो दूर की बात इतनी गन्दी बदबू आती हैं की बाहर से देखकर ही गिन्याई आने लगती है। पर्यटकों ने बताया कि इतनी गन्दी बदबू आ रही है कि अंदर जाना दूभर है पर मजबूरी में जाना पड़ा अन्दर जाकर देखा तो बहुत गंदा था। पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। कुछ पुरुषों को तो बाहर जंगल में जाना पड़ा। पर्यटकों ने बताया कि उन्होंने अपने गाइड को जानकारी दी पर गाइड ने उन्हें बाइसन लॉज में कंप्लेंट करने की बात कही। पर्यटन की दृष्टि से देखा जाए तो बीफाल ओर धूपगढ़ पर्यटकों की पहली पसंद है। इतने लोकप्रिय पर्यटन स्थल पर सुलभ शौचालय की साफ सफाई पर ध्यान न देना या लापरवाही करना पचमढ़ी के पर्यटन को प्रभावित कर सकता है। पर्यटको की सुविधा ओर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सुलभ शौचालय की साफ सफाई के लिए संबंधित विभाग को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए।

गर्भवती व धात्री माताएं को दी सलाह

आंगनबाड़ी में कार्यक्रम किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 2 पचमढ़ी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में एक पेड़ बेटी के नाम से श्री अग्रवाल द्वारा पौधरोपण किया गया ।

हुआ खेल गतिविधीयो का आयोजन-बच्चों द्वारा कुर्सी दौड़ कराई गई जिसमें प्रथम स्थान युग सोलंकी द्वितीय स्थान मीरा राय तृतीय स्थान आयांशी पटेल विजेता रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता नागवंशी द्वारा राष्ट्रीय पोषण मां अभियान अंतर्गत गर्भवती माताएं धात्री माताएं एवं जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों की माता को तिरंगा थाली के रूप में बच्चों को खिलाने की समझाइश दी गई समय-समय पर वजन एवं टीकाकरण करने की समझाइश दी।

डॉक्टर रहे उपस्थित-कार्यक्रम में उपस्थित कैंटोनमेंट अस्पताल के डॉक्टर समीर खान सिस्टर सारिका साहू प्रमोद बान द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सहायिका रंजीता ठाकुर, सुमित्रा साहू, गायत्री अग्रवाल,श्वेता राठौड़,माया रूपा, मालती, पूजा, करुणा आदि महिलाएं उपस्थित रही।

अनंत चतुर्दशी के कलाकारों का सीहोर सांस्कृतिक मंच ने किया अभिनंदन

कलाकारों का सम्मान हमारी संस्कृति, परंपरा और सीहोर की पहचान का सम्मान है : आशीष गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ढोल-नगाड़ों की गूंज, अखाड़ों के शौर्यपूर्ण करतब, आकर्षक झांकियों की भव्यता और हजारों लोगों की उमड़ी आस्था के बीच सजे अनंत चतुर्दशी के रंगों को सीहोर सांस्कृतिक मंच ने सम्मान का रंग दिया। नगर की गौरवशाली परंपरा को अपनी कला, साधना और शौर्य से जीवंत रखने वाले अखाड़ों के उस्तादों एवं कलाकारों, झांकी निर्माताओं और सहयोगियों का मंच द्वारा सम्मान-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर अभिनंदन किया गया।

अनंत चतुर्दशी के भव्य चल समारोह में कलाकारों ने अपनी कला और शौर्य का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा शहर तालियों से गूंज उठा। वर्षों पुरानी अखाड़ा परंपरा से लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संदेशों से सजी झांकियों तक, हर प्रस्तुति में सीहोर की आस्था, संस्कार और सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई दी। इन्हीं कलाकारों की मेहनत और समर्पण को सम्मान देने के लिए सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा यह विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा कि अनंत चतुर्दशी का चल समारोह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सीहोर की आत्मा, आस्था, कला, शौर्य और सामाजिक एकता का उत्सव है। जो कलाकार अपनी साधना और मेहनत से हमारी वर्षों पुरानी परंपराओं को जीवंत रखते हैं, उनका सम्मान करना वास्तव में हमारी संस्कृति को नमन करना है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि सीहोर की सांस्कृतिक विरासत केवल आज तक सीमित न रहे, बल्कि नई पीढ़ी तक गर्व और सम्मान के साथ पहुंचे।

न परीक्षा हुई न फॉर्म भरे, लेकिन प्रमोशन की डेडलाइन 3 दिन बाद

सीहोर। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) की लेटलतीफी अब जिले के सरकारी कॉलेजों के करीब 3,500 से ज्यादा पीजी विद्यार्थियों पर भारी पड़ रही है। एमए, एमकॉम और एमएससी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं अब तक नहीं हो सकी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि अगली कक्षा में प्रमोशन की अंतिम तारीख 30 सितंबर तय है और अब केवल 4 दिन बाकी हैं। इसके बावजूद विश्वविद्यालय ने पीजी सेकंड सेमेस्टर परीक्षा का शेड्यूल जारी नहीं किया है।

सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं मई-जून में होनी थीं, लेकिन सितंबर खत्म होने को है और परीक्षा प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई। विद्यार्थियों ने अभी तक परीक्षा फॉर्म भी नहीं भरे हैं। ऐसे में परीक्षा, रिजल्ट और फिर अगली कक्षा में प्रमोशन की पूरी प्रक्रिया महज 5 दिन में कैसे पूरी होगी। इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि सीहोर जिले में 14 शासकीय और 45 से अधिक निजी कॉलेज हैं।

पीजी की प्रायोगिक परीक्षा के अंक भी मांगे

इधर विवि ने हाल ही में सभी संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को पत्र जारी कर पीजी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षाओं के अंक मांगे हैं। परीक्षा नियंत्रक ने कॉलेजों को विवि की वेबसाइट पर अंक अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

रिजल्ट में भी गड़बड़ियां: **एक्सपर्ट:** प्रमोशन समय पर किया जाना जरूरी है डॉ. एनडी सक्सेना, पूर्व प्राचार्य एवं शिक्षाविद के अनुसार विवि की व्यवस्था में सामान्यतः परीक्षा फॉर्म भरने के बाद प्रमोशन की प्रक्रिया होती है। लेकिन यदि परीक्षा प्रक्रिया में देरी हो रही है तो छात्र हित में तय समय सीमा के भीतर प्रमोशन की व्यवस्था की जानी चाहिए।

2026 में विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था को लेकर पहले भी विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। कई मामलों में परीक्षा परिणाम में त्रुटियां सामने आने से विद्यार्थियों को सुधार के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़े। अब पीजी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा में देरी ने समस्या और बढ़ा दी है।

खबर संक्षेप



जिला स्तरीय चित्रकला में निराली को दूसरा स्थान

खरगोन। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुकड़ोल की बालिका निराली योगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निराली अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। उनकी मार्गदर्शिका शिक्षक माधुरी पांचाल थी। निराली की इस उपलब्धि पर सहायक आयुक्त डॉ कविता आर्य, संस्था प्राचार्य ललिता धुले सहित शिक्षक स्टाफ, विद्यार्थियों, स्नेहीजनों ने निराली बधाई दी है। इससे पूर्व विकास खंड गोगावा में आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगिता में भाषण प्रतियोगिता में संस्था की कु. कीर्ति चौहान कक्षा 6वीं (माध्यमिक स्तर) एवं आरुषि चौहान - कक्षा 10वीं (हाई स्कूल स्तर) एवं चित्रकला प्रतियोगिता में निराली योगी एवं वर्षा मंडलोई चयनित हुई थी।

अवैध मदिरा के विरुद्ध 5 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने 26 सितम्बर को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरुद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने ग्राम कायागांव, नहाड़िया, मनियाखेड़ी, जलसा ढाबा सोडलपुर रोड, हरदा शहर के खेड़ीपुरा व बंगाली कॉलोनी में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 13 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 13 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 370 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 40588 रूपये है।

एमएसडब्ल्यू ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

हरदा। जिले के नीमगांव में पदस्थ एक आउटसोर्सिंग एमएसडब्ल्यू ने जहरीली दवा खाकर आत्महत्या कर ली है।मृतक देवेंद्र ढोलिया (21) पुत्र महेश ढोलिया करीब एक साल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार, देवेंद्र वहां पदस्थ सीएचओ को हरदा से नीमगांव लाने-ले जाने का काम करता था। सीएचओ के हाथ में फ्रैक्चर था, जिससे वह गाड़ी नहीं चला पा रही थीं। इसी बात को लेकर अन्य महिला कर्मचारियों द्वारा तरह-तरह की बातें की जा रही थीं। सीएचओ ने उन्हें बेवजह की बातें करने से मना किया था। शुक्रवार शाम देवेंद्र ने अपने घर जाकर सल्फास का सेवन कर लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए, जहां हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया। शनिवार शाम उसे वेंटिलेटर पर रखा गया, जहां रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने साथी कर्मचारियों पर देवेंद्र को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

टेट परीक्षा के विरोध में भोपाल खरगोन से शिक्षक जाएंगे

खरगोन। टीईटी परीक्षा निरस्त करने, नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देने, ई अटेंडेंट जैसी अव्यवहारिक व्यवस्था को बंद करने की मांग को लेकर 27 सितंबर से भोपाल नीलम पार्क में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में संभागवार धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। जिसमें 2 अक्टूबर गांधी जयंती को इंदौर संभाग के शिक्षक शामिल होंगे। खरगोन जिले से भी हर संकुल से अधिक से अधिक शिक्षक शामिल होंगे यह निर्णय अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक में सब्जी मंडी पार्क में लिया गया । अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रभुराम मालवीया, हबीबुल्ला खान, विनोद पंडित, अतीक खान, विष्णु पाटीदार, मालविका गोयल सहित मोर्चा पदाधिकारीयो ने बताया कि यह हमारी शासन से आर पार की लड़ाई है । जब तक मांगों का निराकरण नहीं होगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं माय भारत के तहत आयोजन किया गया

हेल्थी लाइफ में पोषण का महत्व व नशे की लत का स्वास्थ्य पर असर पर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं माय भारत के तहत जिला चिकित्सालय हरदा में रविवार को स्वस्थ जीवनशैली व पोषण का महत्व एवं नशे की लत का स्वास्थ्य पर असर पर केन्द्रित विशेष गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए सभी युवाओं का बीएमआई किया गया एवं ब्लड प्रेशर लिया गया। उमंग काउंसलर पारुल काशिव ने बीएमआई के लाभ के बारे ने बताया। युवाओं का वजन एवं ऊंचाई ली गई और आयु अनुसार बीएमआई निकाला गया।

श्रीमती काशिव ने बताया कि बॉडी मॉस इंडेक्स एक ऐसा तरीका है, जिससे यह पता चलता है कि आयु, वजन व ऊंचाई अनुसार शरीर संतुलित है अथवा नहीं। बीएमआई यदि सामान्य से कम है तो अंडर वेट और अधिक है तो ओवर वेट अथवा मोटापे की श्रेणी में आते हैं। स्वस्थ जीवनशैली और पोषण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। जिला तंबाकू नियंत्रण अधिकारी डॉ पीयूष दोगने एवं उमंग काउंसलर श्री दीपक गौर ने नशा मुक्त युवा के संबंध में जानकारी दी। किशोर एवं युवा अवस्था में तंबाकू पान मसाला के साथ खाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। ये लोग स्वयं का नुकसान करते हैं कैंसर जैसे जानलेवा रोग का आमंत्रण के साथ सार्वजनिक स्थानों को थूककर खराब कर रहे हैं।

जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच पी सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। प्रमुख रूप से स्वस्थ जीवनशैली, पोषण, नशा मुक्ति अभियान के साथ किशोर और युवा जागरूकता से संबंधित अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य, हिंसा, असंचारी रोगों से बचाव आदि पर निरंतर कार्यशाला शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी श्रृद्धा मित्तल ने बताया कि माय भारत अंतर्गत देश के 200 जिलों में प्रति रविवार गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम माय हेल्थ माय प्राईडी की थीम पर आयोजित किया गया है। देश के 200 चिन्हित जिलों में स्वस्थ्य जीवनशैली, फिटनेस, सामुदायिक सेवा, स्वच्छता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण आदि पर गतिविधियाँ की जा रही है। इस दौरान अजय मंडलेकर, गणेश सराठे, मयंक शर्मा, राज पाराशर, गौतम बैरागी, कनक सोलंकी, राकेश पिपलोदे और शुभम ढोके उपस्थित रहे ।

करताना में 485 छात्रों के दांतों की जांच, तंबाकू मुक्त भारत की दिलाई शपथ



हरदा। शासकीय हाई स्कूल करताना में शनिवार को आईडीए संस्था के प्रोजेक्ट 'नवचेतना' के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के दांतों एवं मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 485 छात्र-छात्राओं के दांतों एवं मुख की जांच की गई। जांच डॉ. दीपचंद ढाका, डॉ. अमृता नीरज दोगने एवं डॉ. राहुल अग्रवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम के अंत में आईडीए संस्था की अध्यक्ष डॉ. मेधा भुस्कुटे द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को तंबाकू मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा विद्यालय में नवचेतना मॉनीटर भी बनाए गए।

जर्जर सड़क के विरोध में कांग्रेस का जनआंदोलन

हरदा-आशापुर मार्ग की बदहाली के खिलाफ विधायक की गांधीवादी पैदल यात्रा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

हरदा से आशापुर तक लंबे समय से बदहाल पड़े मार्ग के निर्माण एवं सुधार की मांग को लेकर विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने के नेतृत्व में कांग्रेस ने रविवार को पोखरनी से दो दिवसीय पैदल यात्रा शुरू की।

यात्रा में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पवार, वरिष्ठ नेता बद्री पटेल, दुर्गादास पाटिल, युवा नेता शुभम सूरमा, भूपेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि हरदा पोखरनी आशापुर मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्सों के कारण राहगीरों, किसानों, विद्यार्थियों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान समस्या और बढ़ जाती है। विधायक डॉ. दोगने ने कहा कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इसलिए जनता की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए पैदल यात्रा शुरू की गई है। उन्होंने मार्ग का स्थायी निर्माण, गुणवत्ता की निगरानी और निर्माण की समयबद्ध कार्ययोजना सार्वजनिक करने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने हरदाझखंडवा मार्ग के ऐतिहासिक संदर्भ का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मार्ग पुराने समय में छोटे रास्तों और पगडंडियों के रूप में विकसित हुआ था। मुहाल और मांदला नदियों पर बने पुराने पुल भी जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं, जिनके सुधार एवं मार्ग के समग्र विकास की आवश्यकता है। यात्रा में श्याम सिंह राजपूत, राजेश पटेल गोयत, जनपद अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह सोलंकी, शहर अध्यक्ष असलम पठान, अवनीश पगारे, सावन शर्मा, मनजीत बघेल, आशुतोष कोठारी, प्रशांत गौर, जितेंद्र राजपूत, देवेंद्र राजपूत, देवेंद्र दरबार, दिलीप संचार, लोकेश जायसवाल, गोल्डी कुशवाह, राकेश पाराशर, बलदार खान, डॉ. जितेंद्र सोनी, हाजी अय्यूब खान, गोविंद व्यास, आनंद माझी, कपिल साकले सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित की मातृ स्वास्थ्य व पोषण संवाद गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा द्वारा परियोजना खिरकिया के अंतर्गत संचालित 108 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा अभियान के द्वितीय दिवस को ₹मातृ स्वास्थ्य एवं पोषण संवाद₹ के रूप में आयोजित किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद किया गया। साथ ही आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के ₹मन की बात₹ कार्यक्रम का प्रसारण भी देखा गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए पोषण माह के दौरान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले अनाज एवं मोटे अनाजों से पौष्टिक आहार तैयार कर उनके उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही। अभियान का उद्देश्य माताओं एवं परिवारों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार अपनाने के लिए जागरूक करना तथा बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल के प्रति सजगता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ संवाद एवं सहभागिता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों में उत्साह एवं प्रसन्नता बढ़ाने के उद्देश्य से फलों एवं मिठाई का वितरण भी किया गया। आंगन मिलन सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों को मातृ एवं बाल स्वास्थ्य, पोषण जागरूकता और समुदाय की सहभागिता के प्रभावी केंद्र के रूप में उपयोग किया गया। गतिविधियों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, गर्भवती एवं धात्री माताएं, बच्चे तथा स्थानीय समुदाय के सदस्य सहभागी रहे।

श्री गुप्तेश्वर गोशाला चारूवा में लोकार्पण कार्यक्रम, मिली कई सौगातें

गोशाला को प्रदेश की नंबर वन बनाने का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



श्री गुप्तेश्वर गोशाला में नवनिर्मित भंडार गृह, भूसा शेड एवं बाउंड्रीवाल के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। करीब 27 लाख रुपए की लागत से दानदाताओं के सहयोग एवं गोशाला की आय से निर्मित कार्यों का लोकार्पण केंद्रीय राज्य मंत्री डी.डी. ऊईके एवं पूर्व मंत्री कमल पटेल की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं गौसेवक मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री डीडी ऊईके ने गोमाता के महत्व पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का विशेष स्थान है। गोसेवा के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाने का अवसर मिलता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे गौमाता को बेसहारा न छोड़ें और उनकी सेवा एवं संरक्षण के लिए सामूहिक रूप से आगे आएं। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आज व्यक्ति मोह और स्वार्थ में इतना उलझ गया है कि गौमाता से मिलने वाले लाभ तो प्राप्त करता है, लेकिन उनकी देखरेख की जिम्मेदारी से पीछे हट जाता है। आवश्यकता है कि समाज इस सोच में बदलाव लाए और गौसेवा को अपनी जिम्मेदारी समझे।

पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि सभी लोग मिलकर संकल्प लें कि श्री गुप्तेश्वर गौशाला को प्रदेश की नंबर वन गौशाला बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने गोशाला के विकास में जनसहयोग की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने सांसद निधि से गोशाला में शेड निर्माण के लिए 11 लाख रुपए एवं 200 मीटर सड़क निर्माण की घोषणा की। वहीं पूर्व मंत्री कमल पटेल ने जनसहयोग से भूसा रखने के लिए 100 प्लास्टिक ड्रम उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में गोशाला संरक्षक महेश सिंह राजपूत, राजेश वर्मा, दर्शनसिंह, भाजपा महामंत्री बसंत राजपूत, विजय राजपूत, शिवनारायण राजपूत, विजय खडबड़िया, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत, संजय यादव, गंगाविशन मुनीम, ललित पालीवाल, विनय राजपूत, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के संभाग प्रभारी निलेश कौशल, तरुण नामदेव, कैलाश नामदेव, विजय जैन त्रिलोक मोयल, दीपक दरबार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं गौसेवक उपस्थित रहे।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विकासखंड स्तरीय संगोष्ठी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड हरदा द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कक्षाओं में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर विकासखंड स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं समाजसेवी बसंत राजपूत रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने संगोष्ठी की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी उपस्थित विद्यार्थियों एवं सहभागियों के समक्ष रखी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपने विचारों एवं जीवन दर्शन से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। हमें महापुरुषों के छायाचित्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण पर केंद्रित था। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र, विचारों एवं सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही ह्यपंच परिवर्तनह्न के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को सामाजिक परिवर्तन में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।संचालन मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता दीनबंधु गौर ने किया। अंत में विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने उपस्थित अतिथियों, विद्यार्थियों एवं सभी सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं हार्टफूलनेस संस्थान के कार्यकर्ताओ द्वारा कक्षा में ध्यान एवं योग कराया गया।

दो अलग-अलग जगहों पर कंकाल व एक युवक का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले के रहटगांव थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग जगहों पर कंकाल और एक युवक का शव मिला। सुबह छिरपुरा गांव के पास अजनाल नदी किनारे कंकाल मिला, जबकि दोपहर में बड़झिरी और बोपदा गांव के बीच युवक का शव मिला। दोनों मामलों में मृतक/कंकाल की पहचान अभी नहीं हो पाई है। छिरपुरा गांव के पास अजनाल नदी किनारे कंकाल मिलने की सूचना पर रहटगांव पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। कंकाल की पहचान अभी नहीं हुई है। दोपहर में बड़झिरी और बोपदा गांव के बीच एक युवक का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। युवक की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम और जांच के बाद मौत की वजह सामने आएगी। रहटगांव थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि दोनों मामलों में पुलिस टीमें मौके पर भेजी गई हैं और सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों घटनाओं के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है।

महिलाओं व बालिकाओं को अधिकार और सुरक्षा को लेकर जागरुक किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विवेक शर्मा, हरदा के मार्गदर्शन में हब फॉर वूमेन एम्पावरमेंट के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल रहटगांव में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकार, सुरक्षा, संरक्षण तथा उपलब्ध सहायता सेवाओं की जानकारी देना रहा। कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम सहित महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसकी रोकथाम में विद्यार्थियों एवं समुदाय की भूमिका पर भी चर्चा की गई। इस दौरान महिला हेल्पलाइनएवं चाइल्ड हेल्पलाइनके संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं के माध्यम से सहायता एवं संरक्षण प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में परियोजना अधिकारी संगीता राजपूत, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता करते हुए महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से वर्कशॉप को मिला विस्तार

15 लाख की ऋण सहायता से व्यवसाय को मिली नई गति, 5 लोगों को मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिले में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना युवाओं एवं उद्यमियों को स्वरोजगार स्थापित करने तथा मौजूदा व्यवसायों के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना से लाभान्वित ग्राम बेड़िया निवासी मुकेश पटेल ने ऋण सहायता का उपयोग अपनी वेल्डिंग वर्कशॉप के विस्तार में कर व्यवसाय को नई दिशा दी है। आज वे स्वयं आत्मनिर्भर बनने के साथ ही 5 अन्य व्यक्तियों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। ग्राम बेड़िया निवासी मुकेश पटेल पूर्व से ही वेल्डिंग वर्कशॉप का संचालन कर रहे थे। व्यवसाय के प्रति उनकी मेहनत और लगन के साथ वर्कशॉप को और अधिक विस्तारित करने की इच्छा थी। इसके लिए आधुनिक सुविधाओं और आवश्यक संसाधनों में निवेश करने के लिए अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता थी। ऐसे समय में मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना उनके लिए व्यवसाय को आगे बढ़ाने का माध्यम बनी।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से मिला मार्गदर्शन- व्यवसाय के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता की तलाश के दौरान मुकेश पटेल को जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, खरगोन के अधिकारियों से मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की जानकारी प्राप्त हुई। अधिकारियों ने उन्हें योजना की पात्रता, ऋण सुविधा एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन दिया। जानकारी मिलने के बाद पटेल ने योजना के अंतर्गत ऋण के लिए आवेदन किया।

क्या है मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना-मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना मध्यप्रदेश शासन की ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं एवं पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापित करने के लिए बैंक ऋण के माध्यम से आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है। योजना के माध्यम से पात्र आवेदकों को व्यवसाय शुरू करने अथवा मौजूदा व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए वित्तीय संस्थाओं से ऋण सुविधा प्राप्त करने में सहायता मिलती है। योजना का उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाले से आगे बढ़ाकर स्वरोजगार एवं रोजगार सृजन करने वाले उद्यमी के रूप में विकसित करना है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत मुकेश पटेल को 15 लाख का ऋण प्राप्त हुआ। उन्होंने प्राप्त ऋण राशि का उपयोग अपनी वेल्डिंग वर्कशॉप के विस्तार एवं व्यवसाय को मजबूत बनाने में किया। वित्तीय सहायता मिलने से वर्कशॉप में आवश्यक संसाधनों का विस्तार हुआ और व्यवसाय को नई गति मिली।

व्यवसाय बढ़ा तो रोजगार के अवसर भी बढ़े
मुकेश पटेल ने अपने व्यवसाय के विस्तार के साथ ही 5 अन्य व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया। इस प्रकार योजना से प्राप्त ऋण सहायता का लाभ केवल उनके व्यवसाय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर निर्मित हुए।

आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते मुकेश पटेल-आज मुकेश पटेल ग्राम बेड़िया में अपनी वेल्डिंग वर्कशॉप का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं। व्यवसाय के विस्तार से उनकी आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिली है और वे आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रहे हैं।